## महत्वपूर्ण एवं खास

### 19 से 24 जुलाई तक सामूहिक दवा सेवन एवं कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि का होगा आयोजन

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केसरी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत 19 से 24 जुलाई तक सामूहिक दवा सेवन एवं कृमि मुक्ति दिवस गतिविधि का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत जिले में 19 जुलाई को (प्रथम दिवस) प्रति आंगनबाड़ी, पी.एच.सी., सी.एच.सी. एवं मेडिकल कॉलेज में बूथ आयोजन किया जाएगा तथा 20 से 22 जुलाई तक समुदाय स्तर पर गृह भेंट देकर दवा सेवन कराया जाएगा। 24 जुलाई तक मॉप-अप राउंड के तहत दवा सेवन गतिविधि डाट्स पद्धति से किया जाएगा। जिसमें 2 वर्ष से अधिक सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों को उम्रवार दवा डी.ई.सी एवं एलबेन्डाजोल की दवा खिलाई जानी है तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अन्तर्गत 1 से 19 वर्ष आयु वर्ग के शिशु एवं किशोर एवं किशोरियों को सामूहिक दवा सेवन (गर्भवती, अति गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को छोड़कर) कराया जाएगा।

### विशेष अभियान... जुलाई में 30 से अधिक नाबालिक बच्चों को दस्तयाब किया गया

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर गुम नाबालिगों की खोजबीन के लिए जिले में अभियान चलाया जा रहा है। थाना , चौकी प्रभारीगण भी गुम नाबालिगों से संबंधित धारा 363 भादवि के प्रकरणों के अपहृत की दस्तयाबी के लिये अथक प्रयास किया जा रहा है। घूमने वाली को की खोज में कई थानों से जिगर प्रांत जाकर पुलिस टीम द्वारा नाबालिगों को दस्तयाब किया गया है। माह के प्रथम सप्ताह से जारी अभियान में अब तक 30 से अधिक गुम नाबालिगों की दस्तयाबी की जा चुकी है। इसी क्रम में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक अभिनव कांत सिंह को थाने के अपराध क्रमांक 155/2020 धारा 363, 366 आईपीसी के गुम बालिका उम्र 17 वर्ष के सिंगरौली मध्यप्रदेश में होने की जानकारी मिलने पर बिना वक्त गंवाये थाने से सहायक उपनिरीक्षक प्रकाश नारायण पांडे, आरक्षक अखिलेश कुशवाहा को सिंगरौली मध्यप्रदेश रवाना किये। चक्रधरनगर पुलिस सिंगरौली (एमपी) जाकर बालिका को सकुशल दस्तयाब कर रायगढ़ लाया गया है। बालिका अपने कथन में बताई कि घर परिवार की स्थिति ठीक नहीं होने से वह अपनी शादी और भविष्य को लेकर आशंकित थी। सिंगरौली मध्यप्रदेश में रिश्तेदार रहते हैं जिनसे संपर्क कर घर में बिना बताये अपने मर्जी से दिनांक 09/06/2020 को घर से सिंगरौली अपने चाची के घर चली गई थी। सिंगरौली में चाची शादी के लिए लड़का देख रखी है बालिग होने पर शादी करना बताई है, जिसमें घर परिवार के लोगों को कोई आपत्ति नहीं है। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा बालिका को उसके पिता के सुपुर्द किया गया है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** पसान थाने की कोरबी चौकी क्षेत्रांतर्गत घुंचापुर के पटेल मोहल्ला निवासी एक महिला की सर्पदंश से गत रात्रि मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत घुंचापुर के पटेल मोहल्ला निवासी बालकुंवर बाई पति इतवार साय यादव नामक अधेड़ महिला को गत रात्रि सोते वक्त करैत सर्प ने डस लिया। उपचार कराये जाने से पहले ही महिला की मौत हो गई। हालांकि परिजन उसे जिंदा समझकर पोड़ी सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# जुआ खेलते 19 जुआरी गिरफ्तार, 71 हजार 800 नगदी, 19 मोबाइल और तीन मोटर सायकलें जब्त



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के निर्देशन पर कोतवाली थानाक्षेत्र में निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस अवैध शराब, कबाड़, जुआ-सट्टा पर नकेल कसने के साथ कल शहर के एक बड़े स्पा सेंटर में अनैतिक गतिविधियों की सूचना पर कार्यवाही कर 4 युवती व एक युवक पर पीटा एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेजा गया है। जिला पुलिस शांति व्यवस्था एवं आमजन को अपराध मुक्त वातावरण प्रदाय करने लगातार इस प्रकार की कार्यवाहियां कर रही है, इन सब के बीच आज दिनांक 18/07/2021 को कुछ असामजिक तत्व शहर के बीचों बीच जुआ फड लगाकर कोतवाली पुलिस को चुनौती पेश कर रहे थे, जिसकी सूचना कोतवाली टीआई को उनके मुखबिर द्वारा दी गई। कोतवाली टीआई नागर द्वारा थाने के स्टाफ की टीम बनाकर लगातार दो अलग-अलग स्थानों पर जुआ रेड की कार्रवाई किये, पहली जुआ रेड कार्रवाई बैकुंठपुर में की गई जहां 15 जुआरियों से 51,600 रूपये नगदी, 15 मोबाईलें व 3 मोटर सायकल की जप्ती की गई। दूसरी कार्रवाई धांगरडीपा संजय मैदान के पास सूने मकान में की गई जहां 4 जुआरियों से नगदी 20,200 रूपये, 4 मोबाइल जप्त किये गये हैं। इस प्रकार दोनों कार्रवाई में कुल नगदी 71,800 रुपए तथा जुआरियों के 19 मोबाइल, तीन मोटरसाइकिल की जब्ती कोतवाली पुलिस द्वारा की गई है। मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट के साथ धारा 107, 116(3) सीआरपीसी के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर रही है।

#### कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण -

बैकुंठपुर की जुआ रेड कार्रवाई के आरोपीगण- 1-आनंद शर्मा पिता राजेश शर्मा उम्र 37 वर्ष निवासी बैकुंठपुर 2- सुनील कटिहार पिता राजेंद्र प्रसाद उम्र 45 वर्ष धांगरडीपा 3- कमल मगर पिता गंगाराम मगर उम्र 53 वर्ष बैकुंठपुर 4- राहुल सिंह पिता जय सिंह उम्र 34 वर्ष बैकुंठपुर 5- हरीश केडिया पिता अशोक केडिया 26 वर्ष बैकुंठपुर 6- विवेक शर्मा पिता यू जी शर्मा उम्र 44 वर्ष धांगरडीपा 7- मनीष कुमार पिता राजेश कुमार अग्रवाल उम्र 29 वर्ष बैकुंठपुर 8- पंकज कुमार दुबे पिता राम कुमार दुबे उम्र 42 वर्ष बैकुंठपुर 9- कल्याण सिंह पिता राजेंद्र कुमार उम्र 40 वर्ष कोतरारोड चुना भट्टी 10- धीरज कुमार पिता चंद्रपाल सिंह 35 वर्ष गौशाला पारा डिपो रोड रायगढ़ 11- हेमंत वर्मा पिता एम एस वर्मा 34 वर्ष बैकुंठपुर रायगढ़ 12- तुलसी पटेल पिता रूपचंद्र पटेल 33 साल गौशाला पारा रायगढ़ 13-किशोर साहू पिता के आर साहू 36 साल दरोगापारा रायगढ़ 14-राज किशोर पटेल पिता कृपाराम पटेल 44 साल कोतरा रोड बाईपास रायगढ़ 15- सत्य नारायण वर्मा पिता श्याम सुंदर शर्मा उम्र 33 वर्ष कोतरारोड रायगढ़ से 51,600 नगद, 15 मोबाइल व तीन मोटरसाइकिल की जब्ती किया गया।

धांगरडीपा संजय मैदान के पास सूने मकान पर जुआ खेल रहे जुआडियान 1- रोहित देवांगन पिता चैतराम देवांगन 2- विपिन कुमार पिता देशराज 3- मनोज पिता भरतराम 4- ईश्वर पटेल पिता संपत पटेल सभी निवासी धांगरडीपा कोतरारोड रायगढ़ को पकड़ा गया जिनके फड एवं पास से 20,200 रुपए नगद एवं 4 मोबाइल और दो ताश की गड्डी जप्त की गई है।

जुआ एक्ट की कार्यवाही में निरीक्षक मनीष नागर के साथ उपनिरीक्षक नंदलाल पैंकरा, प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा, सुकलाल सिदार, श्याम देव साहू, शंकर क्षत्रिय एवं आरक्षक हेमप्रकाश सोन, उत्तम सारथी, मनोज पटनायक, पुष्पेन्द्र जाटवर की अहम भूमिका थी।

## कोविड टीकाकरण केंद्र से 70 डोज वैक्सीन चोरी

**» छत्तीसगढ़ प्रदेश में वैक्सीन चोरी का पहला मामला**

**दुर्ग (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में कोरोना वैक्सीन चोरी होने का पहला मामला प्रकाश में आया है। मामला अहिवारा के सरस्वती शिशु मंदिर कोविड टीकाकरण केंद्र की है। जहां से 17 हजार कीमत के 70 डोज वैक्सीन की चोरी हो गई है मामले की शिकायत स्थानीय नन्दनी थाने में दर्ज कराई गई हैं पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। ईधर दुर्ग जिले में वैक्सीन की कमी के चलते टीकाकरण के केंद्रों में ताला लटक रहा है वहीं 2 दिन पहले ही शुक्रवार को जिले को 21 हजार वैक्सिन डोज मिलने के बाद फिर से केंद्रों को खोला गया है लेकिन इस बीच जिले के केंद्रों में वैक्सीन चोरी की घटना सामने आ रही है दुर्ग जिले के अहिवारा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर टीकाकरण केंद्र के लिए 150 डोज वैक्सीन दी गई थी। जिसमें सिर्फ 80 डोज लगने के बाद वैक्सीन खत्म हो गया जांच के दौरान पाया गया कि 70 डोज वैक्सीन की चोरी हो गई है। जिसकी कीमत 17 हजार रुपये के लगभग है इस पूरे मामले पर अब पुलिस बारीकी से जांच कर रही है दुर्ग पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिले में वैक्सीन चोरी होने का ये पहला मामला है जिसे लेकर प्रशासन भी सख्ते में है।

**जल्द पकड़ा जाएगा आरोपी-** थाना प्रभारी नन्दनी ने आरएनएस को बताया कि वैक्सीन सेंटर में भीड़ के बीच अज्ञात चोर ने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है, आसपास के निजी अस्पताल एवं स्थानीय इलाको में पुलिस की टीम आरोपी की खोजबीन में जुट गई है जल्द ही आरोपी पुलिस के शिकंजे में होगा।

## जामपाली से घरघोड़ा बायपास सड़क निर्माण के लिए टेंडर पूरा, जल्द शुरू होने जा रहा है काम

**» 42 करोड़ की लागत से बनेगी 19 कि.मी. सड़क**

**» धरमजयगढ़ से पत्थलगांव मार्ग के लिए भी टेंडर प्रक्रिया पूरी**

**रायगढ़ ।** जिले की दो प्रमुख सड़कें घरघोड़ा बायपास से जामपाली और धरमजयगढ़ से पत्थलगांव के उन्नयन हेतु टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है और जल्द निर्माण कार्य प्रारम्भ होने जा रहा है।

पीडब्लूडी विभाग रायगढ़ के ईई आर.के.खाम्बरा से मिली जानकारी अनुसार रायगढ़ से धरमजयगढ़ मार्ग जिसकी लम्बाई 76 कि.मी. है राज्य मार्ग क्रमांक 1 है। मार्ग के एक रेखा में बरोद कोयला खदान एवं जामपाली कोयला खदान स्थित है। इनसे कोयले का परिवहन इसी मार्ग से विभिन्न उद्योगों को होता है। एसईसीएल द्वारा इस मार्ग के 19 कि.मी.को उन्नतिकरण करने हेतु लगभग 42 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह जामपाली खदान से बरौद, टेरम रेलवे साइडिंग कारीछपार होते हुये घरघोड़ा बाईपास मार्ग तक का भाग है।

वर्तमान में उक्त कार्य की निविदा आमंत्रित कर स्वीकृति आदेश जारी किया जा चुका है। शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कर बस्तीभाग से नाली निर्माण के साथ ही एक परत गिट्टीकरण कर मार्ग को यातायात के लिये सुगम बनाया जायेगा तथा वर्षा ऋतु उपरांत डामरीकरण का कार्य कराया जायेगा।

इसी प्रकार धरमजयगढ़ से पत्थलगांव मार्ग रायगढ़-धरमजयगढ़ पत्थलगांव मार्ग का ही भाग है इसकी लंबाई 34 कि.मी.है। उक्त मार्ग सी.जी.आर.आई.डी.सी.एल.योजन ान्तर्गत चंद्रपुर-डभरा-खरसिया-धरमजयगढ़-पत्थलगांव मार्ग लंबाई 102.50 कि.मी.के अंतर्गत स्वीकृत है। इस मार्ग हेतु निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। शीघ्र ही इसका उन्नयन कार्य प्रारंभ किया जायेगा। वर्तमान में आवश्यकतानुसार मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है।

## गांजा तस्करी करते दो युवक गिरफ्तार, 10 किलो गांजा व बाईक जब्त

**» ओडिशा के कालाहांडी से बिलासपुर लेकर जा रहे थे गांजा**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के निर्देशन पर सोहेला-बरमकेला मुख्य मार्ग में डोंगरीपाली की नाकेबंदी गांजा तस्करों के लिये अभेद किले की तरह है जिसे भेद पाना तस्करों के लिये आसान नहीं है, यही कारण है कि पिछले चार दिनों में डोंगरीपाली पुलिस चार गांजा तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाई है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 17/07/2021 को ओडिसा के कालाहांडी जिले से दो लड़के गांजा लेकर बाइक पर सोहेला-बरमकेला मार्ग से बिलासपुर जाने के लिये निकले होने की सूचना पर एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के दिशा निर्देशन पर सहायक उप निरीक्षक राम कुमार मानिकपुरी के हमराह आरक्षक विनय तिवारी, सुशील यादव, किशोर एक्का, कृष्णा डनसेना नाकेबंदी के लिये सोहेला-बरमकेला मार्ग डोंगरीपाली गैस गोदाम के पास नाकेबंदी किया गया था, दोपहर करीब 14:00 बजे पुलिस टीम द्वारा वाहन एक बजाज पल्सर 220 मोटर सायकल क्रमांक- सीजी 07 बीव्ही 3126 को रोका गया, पूछताछ करने पर वाहन चालक ने अपना नाम पिबना हरिजन पिता रापोंगा हरिजन उम्र 30 वर्ष साकिन बिरीपोडी पोस्ट मनीकेरा थाना रामपुर जिला कालाहाण्डी ओडिसा व पिछे शीट मै बैठा व्यकित अपना नाम निलु मांझी पिता गजाचन्द्र मांझी उम्र 27 वर्ष साकिन बिरीपोडी पोस्ट मनीकेरा थाना रामपुर जिला कालाहाण्डी ओडिसा का रहने वाला बताये, जिन्हे नाकेबंदी के संबंध में जानकारी देकर उनकी विधिवत तलाशी ली गई।

जिनके पास से पुलिस को पैकेट में बंधा हुआ मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 10 किलो, कीमती 50,000 रुपए का मिला, पूछताछ में आरोपीगण कालाहांडी से बिलासपुर सप्लाई करने लेकर जाना बताये, डोंगरीपाली पुलिस आरोपियों से 10 किलो गांजा व पल्सर बाइक की जप्ती कर आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। इसके पूर्व दिनांक 14/07/2021 को सोहेला बरमकेला मार्ग में ही डोंगरीपाली पुलिस द्वारा दो गांजा तस्करों से 15 किलो गांजा बरामद कर आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया था।

## ग्रीन कोरिडोर के माध्यम ये 36 मिनट में हॉस्पिटल पहुंचा एम्बुलेंस

**दुर्ग (आरएनएस)।** स्पर्श हास्पिटल राम नगर, भिलाई में ईलाज के लिए भर्ती मरीज़ के स्वास्थ्य में सुधार न होने पर डॉक्टर के द्वारा बाहर ले जाने की सलाह दिये जाने पर परिवार द्वारा दुर्ग पुलिस से सहयोग माँगने पर दुर्ग पुलिस के अधिकारियों नेतृत्व में थानों व यातायात के अधिकारी/कर्मचारियो द्वारा मिलकर बनाये गये ग्रीन कोरिडोर एवं रायपुर पुलिस की सहायता से मात्र 36 मिनट में एम्बुलेंस को स्पर्श हास्पिटल भिलाई से रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल,रायपुर पहुंचाया गया। जिसमें सूबेदार अनीष सारथी के द्वारा पायलेटिंग किया गया तथा चंद्रा मौर्य चौक में उप निरीक्षक बाबूलाल राय ,पावर हाउस चौक में सहायक उपनिरीक्षक उमाकांत यादव ,आशीष होटल कटिंग में सहायक उपनिरीक्षक सुरेश देवांगन ,खुर्सीपार चौक में सहायक उपनिरीक्षक चंद्रिका प्रसाद ,डबरा पारा चौक में हाईवे पेट्रोलिंग-02 ,जनता स्कूल कटिंग में सहायक उपनिरीक्षक बोधन लाल साहू, सिरसागेट चौक में सहायक उपनिरीक्षक निर्दोष एक्का, चरोदा बस स्टैंड कटिंग में निरीक्षक संग्राम सिंह ,रॉयल खालसा ढाबा कटिंग में निरीक्षक डी.पी. पात्रे, डीएमसी कटिंग में सहायक उपनिरीक्षक रमेश दुबे ,पावर ग्रिड के पास सहायक उपनिरीक्षक महेश मिश्रा, कांजी हाउस कटिंग में सहायक उपनिरीक्षक संतोष श्रीवास्तव, कुम्हारी टोल प्लाजा में उप निरीक्षक आर एस राजपूत के द्वारा मोर्चा संभाला गया।

## किसान 31 तक करा सकेंगे फसलों का बीमा




**रायपुर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसान अब 31 जुलाई तक खरफ फसलों का बीमा कर सकेंगे। खरीफ वर्ष 2021 में फसल बीमा की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2021 निर्धारित थी ,जिसे बढ़ाकर अब 31जुलाई कर दिया गया है।

राज्य में फसल धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, सोयाबीन, मूंगफली, मूंग, उड़द एवं तुअर (अरहर) को फसल बीमा के लिये बीमा ईकाई ग्राम स्तर पर अधिसूचित किया गया है। ऋणी एवं अऋणी कृषक जो भू-धारक व बटाईदार हो योजना में सम्मिलित हो सकते है। जोखिम यथा 'फसल पैदावार के आधार पर व्यापक क्षति, बाधित रोपाई, रोपण जोखिम, स्थानीय आपदा एवं फसल कटाई के उपरांत सूखने हेतु खेतों में रखे करपा को असामयिक वर्षा से होने वाले नुकसान' को योजना में प्रावधानित किया गया है। अधिसूचित फसल को बीमित कराने हेतु इच्छुक कृषक फसल बीमा हेतु 31 जुलाई 2021 तक नजदीकी बैंक, वित्तीय संस्था, लोक सेवा केन्द्रों, बीमा कंपनी में संपर्क कर फसल बीमा करा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृषि कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्थान, बीमा कंपनी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## शासन की योजना का लाभ लेने धान के बदले अन्य फसल ले रहे जिले के कृषक

**» प्रशांत ने लगाया मुनगा तो जयलाल ले रहे रागी की फसल**



**रायगढ़ ।** जिले के कई किसान जो अभी तक धान की फसल ले रहे हैं। वे अब राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना से प्रेरित होकर अन्य फसलों की खेती की ओर रूझान दिखा रहे है।

नगर पंचायत सरिया के कृषक प्रशांत प्रधान जो कि अपने खेतों में कई वर्षो से धान की खेती करते आ रहे थे। लेकिन इस बार उन्होंने मुनगा लगाने का निर्णय किया। कृषक प्रधान ने 1.25 एकड़ में ओडीसी-3 किस्म के मुनगा का रोपण किया है। गत दिवस राजस्व अधिकारी एवं कृषि विभाग के प्रभारी वरिष्ठ अधिकारी ने सयुक्त रूप निरीक्षण किया और खेत में मुनगा के पौधे का रोपण भी किया। कृषक प्रशांत ने बताया कि उन्होंने खेत में 8 फीट की दूरी में मुनगा लगाया है और बीच में खाली जगह है उसमें गोभी की फसल वो लेंगे, इससे अतिरिक्त आमदनी भी मिल जाएगी।

इसी तरह सरिया से लगे हुए ग्राम कांदुरपाली में रागी फसल लगाने वाले कृषक जयलाल पटेल के खेत का भी निरीक्षण किया गया। जहां पर किसान द्वारा 1.25 एकड में रागी फसल लगाया गया था। इस बार कृषक ने शासन की राजीव गांधी किसान न्याय योजना से प्रेरित होकर रागी फसल लगाया।

ग्राम पंचायत मल्दा-ब में रोहित नायक द्वारा धान के स्थान पर अन्य मिर्ची एवं अरहर 0.400 एकड़ में लगाया गया है। वे इस खेत में कई वर्षो से धान की फसल ले रहे थे। कृषि अधिकारी से मिली जानकारी के आधार पर मिर्ची सह अरहर के फसल लगाने का निर्णय उन्होंने लिया। साथ ही गांव में कृषक निरंजन, रामभरोष, यामनी भी संयुक्त रूप से 2.6 हेक्टेयर में रागी की फसल ले रहे हैं। आगामी कुछ दिनों में उसी गांव में 3.00 हेक्टेयर में पांच कृषकों द्वारा रागी फसल लगाया जायेगा। पिछले कई वर्षो से इस भूमि पर धान फसल लगाया जाता था। यहां के कृषकों ने कृषि चौपाल के माध्यम से जानकारी प्राप्त किये और रागी अन्य फसल लगाने के लिये तैयार हुए। जिसका मौके पर जाकर एसडीएम सारंगढ़ नंद कुमार चौबे एवं कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020-21 में जिस रकबे से किसान द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया था, यदि वह धान के बदले कोदो-कुटकी, गन्ना, अरहर, मक्का, सोयाबीन, दलहन, तिलहन, सुगंधित धान, अन्य फोर्टिफाइड धान, केला, पपीता लगाता है अथवा वृक्षारोपण करता है, तो उसे प्रति एकड़ रुपये 10 हजार आदान सहायता राशि दी जाएगी। जिन किसानों ने खरीफ वर्ष 2020 में धान की फसल ली है, अगर वो धान की फसल के बदले अपने खेतों में वृक्षारोपण करते हैं, तो उन्हें आगामी 3 साल तक प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480